सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

**राजस्थान सरकार**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**
**आई.टी. भवन, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर**

क्रमांक :–एफ.2(3613)/डी.ओ.आई.टी./संस्था/14/01329/2020 जयपुर, दिनांक : 26.02.2020

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

श्री प्रकाश कुमार, सहायक प्रोग्रामर, कार्यालय तहसीलदार शिवगंज, सिरोही को **मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर से एम.ए. लोक प्रशासन (अन्तिम वर्ष) 2020 परीक्षा** में **स्वयंपाठी** विधार्थी के रूप में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति श्री प्रकाश कुमार, सहायक प्रोग्रामर, को राजस्थान सिविल सेवाऐं (आचरण) नियम, 1971 के नियम–17 की निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन प्रदान की जाती है:–

1. कर्मचारी को परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा।
2. अध्ययन स्वीकृती/परीक्षा की अनुमति दिये जाने से अधिकारी/कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
3. परीक्षा की तैयारी हेतु किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
4. प्रशासनिक कारणवश स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
5. उक्त शर्तो की अवहेलना करने या पाई जाने पर कार्मिक/कार्मिका के विरूद्व कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प.9(5)(9)/कार्मिक/क–3/2001 दिनांक 16 मई 2002 के अनुसार वृहत शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

कार्मिक को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से पूर्व विभागीय स्वीकृती प्राप्त करें।

—— Sd ——

(विवेक कुमार)
विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.)
एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराज.)

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. तहसीलदार, कार्यालय तहसीलदार शिवगंज, सिरोही को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
3. श्री प्रकाश कुमार, सहायक प्रोग्रामर, कार्यालय तहसीलदार शिवगंज, सिरोही।
4. निजी/रक्षित पत्रावली।

26/02/2020

प्रशासनिक अधिकारी (संस्थापन)